प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

बजट सत्र

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु लोकसभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा जबकि दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक होगा।

प्रधानमंत्री–स्वामित्व योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। यह देश के गांवों के सशक्तिकरण और सुशासन यात्रा में महत्वपूर्ण कदम होगा। संपत्ति कार्ड दस राज्यों और दो केन्द्रशासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में वितरित किए जायेंगे। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी के क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को रिकॉर्ड का अधिकार प्रदान करके ग्रामीण भारत में आर्थिक बदलाव को बढ़ावा देना है।

मन की बात

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इन दिनों कांगड़ा जिले के प्रवास हैं। प्रवास के दूसरे दिन आज मुख्यमंत्री ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में करोड़ो रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उदघाटन व शिलान्यास करेंगे। इनमें नगरोटा सूरियां के बस्सा में वन्य जीव सूचना केंद्र का उद्घाटन शामिल है।

निगरानी

केंद्र सरकार आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता और कीमतों पर कड़ी निगरानी रख रही है ताकि उपभोक्ताओं को खाद्य वस्तुएं सस्ती और उचित मूल्य पर मिलना सुनिश्चित हो सके। केन्द्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया है कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इस वर्ष दालों और प्याज का उत्पादन बढने का अनुमान है। मंत्रालय ने बताया कि तूर दाल का उत्पादन 35 लाख मीट्रिक टन से अधिक रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष के 34 लाख मीट्रिक टन से दो दशमलव पांच प्रतिशत अधिक है। मूंग दाल का उत्पादन 13 दशमलव आठ तीन लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है।

उद्योग

उद्योग मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान ने कहा है कि खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड को अपनी परिसंपत्तियों का समुचित उपयोग करने के लिए इन्हें किसी संस्था या सरकारी उपक्रम को किराये पर देना चाहिए। शिमला में राज्य खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड के निदेशक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत इस वित्त वर्ष में दिसम्बर तक एक सौ 43 उद्यमियों को सूक्ष्म इकाइयां स्थापित करने के लिए 6 करोड़ 2 लाख से अधिक अनुदान राशि वितरित की गई जिससे लगभग एक हजार एक सौ 50 रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।

आपदा प्रबंधन

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संबंधित विभागों और संगठनों को अपनी विकास योजनाओं व परियोजनाओं में विभिन्न आपदा जोखिम न्यूनीकरण पहलों को एकीकृत करने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि मानसून के दौरान भूस्खलन और अन्य प्रक्रियाओं को रोका जा सके। प्राधिकरण के एक प्रवक्ता ने शिमला में बताया कि विभागों को व्यापक जोखिम आकलन कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी योजनाएं और डिजाइन आपदा–रोधी हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राज्य के निचले जिलों हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन व सिरमौर जिलों के कुछ क्षेत्रों में देर रात और सुबह के समय कोहरा छाए रहने व पाला पड़ने से शीतलहर जारी है। लाहौल स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान मानइस 13 दशमलव 5, कुकुमसेरी में माइनस 12 दशमलव 2 और मनाली में न्यूनतम तापमान माइनस 2 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के उच्च व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है।

...................